राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

स्वाधीनता दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

राष्ट्र और राज्य की उन्नति के लिए सब मिलकर प्रयास करें– राज्यपाल

जयपुर, 14 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएं और बधाई दी हैं।

राज्यपाल श्री बागडे ने अपने संदेश में कहा है कि सभी भाईचारा और सदभावना बनाये रखते हुए राष्ट्र और राज्य की उन्नति के लिए मिलकर प्रयास करें। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की है कि स्वाधीनता के इस पावन पर्व पर ष्हर घर तिरंगा अभियानष के तहत राष्ट्र की एकता और स्वाभिमान का प्रतीक तिरंगा झण्डा अपने घर पर जरूर फहराएं।

—————

राजभवन में प्रातः 8.45 बजे होगा ध्वजारोहण

राज्यपाल श्री बागडे करेंगे झण्डारोहण

जयपुर, 14 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे गुरुवार, 15 अगस्त को स्वाधीनता दिवस पर राजभवन में प्रातः 8.45 पर ध्वजारोहण करेंगे।

राज्यपाल श्री बागडे राजभवन में स्वाधीनता दिवस समारोह में उच्च प्राप्तांक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ ही पुस्तके एवं मिठाई का वितरण भी करेंगे। बाद में वह 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण भी करेंगे।

————